Chapter – 1

मल्टीमीडिया में ग्राफिक्स का महत्व (Importance of Graphics in Multimedia)

हर ग्राफिक्स को कई रूपों जैसे फोटो, चार्ट, लोगो आदि में उपयोग कर सकते हैं| प्रिंट,मार्केटिंग,शिक्षा अथवा अन्य किसी भी क्षेत्र में चित्र का उपयोग करके क्लाइंट को आपके विचारों को शीघ्र तथा संक्षिप्त व्याख्या प्रदान करना है| अपने विकासशील व्यापार को प्रदर्शित करने के लिए इमेज का चुनाव एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्केटिंग निर्णय है| विज्ञापन से संबंधित चित्र ऐसे होने चाहिए कि वे उपभोक्ता को आकर्षित करें तथा साथ ही आप जिस उत्पाद की मार्केटिंग कर रहे हैं उसका यथार्थ प्रस्तुतीकरण भी करें ग्राफिक्स लोगों को जानकारी प्रदर्शित करने के अन्य रूपों की तुलना में ज्यादा जल्दी तथा ज्यादा मात्रा में जानकारी प्रदान करता है|

ग्राफिक्स के बहुत सारे प्रकारों को मल्टीमीडिया में एकीकृत किया जाता है जो निम्नलिखित हैं

- इमेज
- बैकग्राउंड
- बटन
- चार्ट
- फ्लो चार्ट
- संगठन चार्ट आदि

ग्राफिक्स हमारे जीवन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग होते हैं जैसे

- वेब डिजाइनिंग
- शिक्षा
- व्यापार
- मनोरंजन
- घरों में
- अनुसंधान
- मेडिकल
- इंजीनियरिंग

सामान्यता हम ग्राफिक्स का उपयोग वेब की रचना के लिए कहते हैं जिससे हम विभिन्न प्रकार के क्षेत्र में जैसे बिजनेस, शिक्षा, मनोरंजन, मेडिकल तथा इंजीनियरिंग, अनुसंधान इत्यादि में सम्मिलित व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकें

वेब की रचना में ग्राफिक्स (Graphics in Web Designing)

वेब ग्राफिक्स आपकी वेबसाइट की विषय वस्तु के सामान ही महत्वपूर्ण होते हैं| एक अच्छा ग्राफिक्स आपके कस्टमर्स को आपकी वेबसाइट का एक रचनात्मक विचार प्रदान करता है| व्यवसायिक संवेदन को जागृत करने के लिए आप उसमें रंग तथा दृश्य अनुरोध जोड़ सकते हैं| वे वेबसाइट जिनमे रुचिपूर्ण ग्राफिक्स का उपयोग नहीं किया जाता है उन वेबसाइट को अधिकांश यूजर्स दोबारा विजिट नहीं करते हैं| फोटोशॉप, फ्लैश ड्रीमविवर तथा फायरवर्क्स कुछ ऐसे महत्वपूर्ण उपकरण है जिनके उपयोग से आप प्रोफेशनल ग्राफिक्स बना सकते हैं| ग्राफिक्स का प्रयोग तब किया जाता है जब जिस तथ्य कि आप व्याख्या करना चाहते हैं उसे शब्दों में समझाना संभव नहीं है अगर आपका उद्देश्य उत्पादों को बेचना है तो आपको अपने उत्पादों को इमेज के माध्यम से प्रदर्शित करना चाहिए|

जैसे सूचना को प्रदर्शित करना है उसके संदर्भ में वेब ग्राफिक्स को स्थापित करना बेहतर तरीका है| अगर आपकी वेबसाइट पर उत्पाद से संबंधित जानकारी संगृहीत हैं, तो वहां पर उससे संबंधित ग्राफिक प्रदर्शन भी होना चाहिए आवश्यकतानुसार लोगों, कार्टून, ग्राफ का उपयोग करना ज्यादा बेहतर होता है|